देवघर में खुला संथाल परगना का पहला CNG स्टेशन

चर्चा में क्यों?

1 अप्रैल, 2023 को झारखंड के गोड्डा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने देवघर-सारवां रोड स्थित कुंडा में संथाल परगना का पहला प्राकृतिक गैस आधारित सीएनजी स्टेशन का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने बताया कि सीएनजी भविष्य का ईंधन है और पूरी दुनिया में पर्यावरण बचाने का माहौल है। इसलिये पर्यावरण को बचाने के लिये यह सीएनजी कारगर होगा।
- महानगरों की तर्ज पर छोटे शहरों में प्राकृतिक गैस की सुविधा लोगों को देने की वजह से ही पहला सीएनजी स्टेशन देवघर में खुला है। जल्द ही एचपीसीएल संथाल परगना के सभी शहरों में पाइप से घर-घर गैस की आपूर्ति करेगी। अगले दो वर्षों तक इस प्रमंडल के सभी पेट्रोल पंपों में सीएनजी स्टेशन भी खुलेंगे।
- विदित है कि देवघर में लीथियम का बड़ा भंडार होने की घोषणा अगले छह माह से एक वर्ष के अंदर भारत सरकार कर सकती है। लीथियम का भंडार जम्मू-कश्मीर में मिल चुका है। दूसरे देशों पर पेट्रोलियम पदार्थों के लिये निर्भरता भारत सरकार अब खत्म करने की दिशा में है।
- पाइप से घर-घर गैस की आपूर्ति होने से सिलिंडर पर निर्भरता व गैस की चोरी की समस्या खत्म होगी। 2024 से पहले पाइप से घर-घर गैस की सुविधा गृहिणियों को मिलेगी। सांसद ने कहा कि अधिक से अधिक लोग अपने वाहन में सीएनजी कीट लगवाए, ताकि उनके परिचालन पर खर्च कम हो सके।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/santhal-pargana-s-first-cng-station-opened-in-deoghar